# वानिकी समाचार

अक्टूबर 2024

वर्ष 16 सं. 10


भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद

| अनुक्रमणिका | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| संसदीय समिति का दौरा | 01 |
| मिशन लाइफ | 01 |
| महात्मा गांधी की 155वीं जयंती | 02 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 02 |
| कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें | 03 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 04 |
| वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत गतिविधियां | 06 |
| समझौता ज्ञापन | 07 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 07 |
| जागरूकता और प्रदर्शन कार्यक्रम | 08 |
| प्रदर्शनी में भागीदारी | 10 |
| संस्थानों का दौरा | 10 |
| विविध | 10 |
| मानव संसाधन समाचार | 13 |

## संसदीय समिति का दौरा

- संसदीय स्थायी समिति ने भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया और संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की। दौरे के दौरान डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), भा.वा.अ.शि.प., देहरादून, श्री सत्यजीत मिश्रा, संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और डॉ. उर्मिला हरित, निदेशक (राजभाषा), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भी मौजूद थे।




## मिशन लाईफ

- एक–पेड़–माँ–के–नाम अभियान के अंतर्गत भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय में वृक्षारोपण गतिविधियां आयोजित की गईं।






## महात्मा गांधी की 155वी जयंती

- भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय, संस्थानों और केंद्रों द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती मनाई गई।
















## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### भा.वा.अ.शि.प.- वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- तिरुवन्नामलाई क्षेत्र जीन बैंक में *लिमोनिया एसिडिसिमा* (0.32 हेक्टेयर) और *पिथेसेलोबियम डुल्स* (0.4 हेक्टेयर) के लिए दो जननद्रव्य भण्डार स्थापित किए गए, जिनमें 4x4 मीटर के अंतराल में पांच प्रतिकृतियों में क्रमशः 40 सीपीटी और 50 सीपीटी शामिल थे।

- *सैंटलम एल्बम* और *मीलिया डुबिया* के नवोदिभदों को विभिन्न संयोजनों में अंकुरण अवस्था में जैवउर्वरकों के साथ संरोपित किया गया और उसके बाद खेत में रोपा गया। उपयुक्त जैवउर्वरक संसर्ग जिसने दोनों वृक्ष प्रजातियों के विकास और जैवमास में सुधार किया, वह एएम कवक + फॉस्फेट घुलनशील बैक्टीरिया + पोटेशियम गतिशील बैक्टीरिया + एज़ोस्पिरिलम का संयोजन था।

### भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- फिनोल पर लिग्निन के प्रतिस्थापन का 10% की वृद्धि के साथ 30% से 60% के लिए अध्ययन किया गया। 244 सेमी × 122 सेमी आकार के 4 मिमी और 12 मिमी के प्लाईवुड बनाए गए और सामान्य प्रयोजन प्लाईवुड के लिए विशिष्ट, आईएस 303 के अनुसार भौतिक और यांत्रिक गुणधर्मों के लिए मूल्यांकन किया गया, और साथ हि आईएस 848: 2006 के अनुसार बंधन गुणवत्ता के लिए भी मूल्यांकन किया गया। प्लाईवुड के नमूने आईएस 303 और आईएस: 848: 2006 के अनुसार उबलते पानी प्रतिरोध (बीडब्ल्यूआर) ग्रेड की आवश्यकता के अनुरूप हैं।

- माइक्रोवेव (MW) तकनीक का उपयोग करके बांस की पट्टी के बंकन पर अध्ययन किया गया। kW पावर (2kw, 3kw, 4kw और 5kw) और MW टाइमिंग (1 मिनट, 1.30 मिनट, 2 मिनट, 2.30 मिनट, 3 मिनट, 3. 30 मिनट और 4 मिनट) जैसे प्राचलों के अनुकूलन पर काम किया गया। बांस की पट्टी के बंकन के लिए अनुकूलित MW प्राचल 2kw MW पावर पर 4 मिनट MW विकिरण पाया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.-वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- कर्नाटक के बंटवाल में नेक्रोटिक रिंगस्पॉट रोगग्रस्त एरेका पाम में आरएनए अनुक्रमण और ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी के माध्यम से एक अनुमानित नावेल एरेपावायरस, जिसका नाम एरेका पाम नेक्रोटिक रिंगस्पॉट वायरस 2 (एएनआरएसवी2) है, की खोज की गई। इसके अतिरिक्त, रोगग्रस्त नमूनों में रिवर्स ट्रांसक्रिपटेस–पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन अस्से के माध्यम से एएनआरएसवी2 की उपस्थिति की पुष्टि की गई। इसके अतिरिक्त, एरेपावायरस अनुक्रमों के लिए सार्वजनिक डोमेन ट्रांसक्रिप्टोम डेटा का खनन करके, साइकोट्रिया रूब्रा, एक नॉनपाम हस्ट में एक अनुमानित नावेल एरेपावायरस की पहचान की गई। साथ हि, मधुमक्खियों, टमाटर, ओनोब्रीचिस विसीफोलिया और रामनस हेटरोफाइला में एरेका पाम नेक्रोटिक रिंगस्पॉट वायरस के जीनोम अनुक्रमों को भी पुनर्प्राप्त किया।

## कार्यशालाएं/सेमिनार/बैठकें

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद** | | | |
| 1. | काष्ठ की पहचान एवं जांच केंद्र की स्थापना | 29 अक्टूबर 2024 | संयुक्त राज्य वन सेवा और भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के अधिकारी, वैज्ञानिक और शोधकर्ता |
| 2. | वन अग्नि प्रबंधन | 29 अक्टूबर 2024 | विभिन्न वन विभाग और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | | |
| 3. | मानव वन्यजीव संघर्षः मुद्दे, चुनौतियाँ और आगे का रास्ता | 03 अक्टूबर 2024 | भारतीय वन्य जीव संस्थान और भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और अधिकारियों सहित 70 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.- वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | | |
| 4. | खदानों के जीर्णोद्धार के लिए लगाए जाने वाले जंगली वृक्ष पौधे और अन्य वन प्रजातियां तथा ऐसी वनस्पति प्रजातियां जो वन्य जीवन को पोषित कर सकती हैं | 03 अक्टूबर 2024 | संस्थान के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और अधिकारियों सहित 11 प्रतिभागी |
| 5. | ओफिकॉर्डिसेप्स साइनेंसिस की आण्विक विविधता, जैवसक्रिय सिद्धांत और संरक्षण | 04 अक्टूबर 2024 | संस्थान के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और अधिकारी |




भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं., रांची द्वारा "खदानों के जीर्णोद्वार के लिए लगाए जाने वाले जंगली वृक्ष पौधे और अन्य वन प्रजातियां तथा ऐसी वनस्पति प्रजातियां जो वन्य जीवन को पोषित कर सकती हैं" विषय पर कार्यशाला



भा.वा.अ.शि.प.-व.उ.सं., रांची द्वारा "ओफिकॉर्डिसेप्स साइनेंसिस की आण्विक विविधता, जैवसक्रिय सिद्धांत और संरक्षण" पर कार्यशाला

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 6. | आर्द्रभूमिः खतरे, प्रबंधन और पुनरुद्धार कार्यनीतियाँ | 29 अक्टूबर 2024 | संस्थान के वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी, अनुसंधान कर्मचारी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | | |
| 7. | प्लाईवुड, ब्लॉक बोर्ड और फ्लश दरवाजा | 21 अक्टूबर 2024 | उद्यमी, छात्र |
| **भा.वा.अ.शि.प.-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर** | | | |
| 8. | वित्तीय सहायता के लिए नई परियोजना प्रस्ताव की प्रस्तुति | 04 अक्टूबर 2024 | संस्थान और नाबार्ड, कोयंबटूर के वैज्ञानिकों और अधिकारियों सहित 13 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद** | | | |
| 9. | वित्तीय सहायता के लिए नई परियोजना प्रस्ताव की प्रस्तुति | 09 अक्टूबर 2024 | संस्थान के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और अधिकारी |




भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा "वित्तीय सहायता के लिए नई परियोजना प्रस्ताव की प्रस्तुति" पर कार्यशाला




भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा "फॉरेस्ट-प्लस 2.0/3.0 द्वारा विकसित उपकरण और प्रौद्योगिकी" पर कार्यशाला

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वन नियम, पारिस्थितिकी और जैव विविधता | 01 से 04 अक्टूबर 2024 | साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से 26 अधिकारी |






भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा "वन नियम, पारिस्थितिकी और जैव विविधता" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | ई–ऑफिस | 24 अक्टूबर 2024 | भा.वा.अ.शि.प. और इसके सभी संस्थानों के प्रशासनिक कर्मचारी |

### भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | काष्ठ एवं बांस का संशोषण और संरक्षण | 21 से 25 अक्टूबर 2024 | ग्रेटर सिटी टिम्बर मर्चेंट्स एंड सॉ मिलर्स एसोसिएशन, हैदराबाद से 29 प्रतिभागी |





भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं., देहरादून द्वारा "काष्ठ एवं बांस के संरक्षण और संवर्द्धन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 4. | चारा बैंक प्रबंधन और साइलेज निर्माण और भंडारण विधि | 04 अक्टूबर 2024 | बड़ागांव गांव के 30 किसान |
| 5. | पौधशाला और बागानों में शीशम और देवदार के पर्यावरण अनुकूल नाशीकीटों का प्रबंधने | 10 अक्टूबर 2024 | हिमाचल प्रदेश वन विभाग के 30 अधिकारी |



भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा "चारा बैंक प्रबंधन और साइलेज निर्माण और भंडारण विधि" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम




भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा "पौधशाला और वृक्षारोपण में शीशम और देवदार के पर्यावरण अनुकूल नाशीकीटों के प्रबंधन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | मृदा परीक्षण आधारित प्रबंधन पद्धतियाँ | 08 अक्टूबर 2024 | हिमाचल प्रदेश वन विभाग के रेंज अधिकारी और ब्लॉक अधिकारी सहित 40 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | | |
| 7. | भारतीय राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 – संरचनात्मक डिजाइन | 08 अक्टूबर 2024 | राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा के सिविल इंजीनियर और उद्यमी सहित प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | | |
| 8. | साइबर स्वच्छता और सुरक्षा | 01 अक्टूबर 2024 | संस्थान के अधिकारियों, वैज्ञानिकों सहित 25 प्रतिभागी |
| 9. | शुष्क और अर्धशुष्क क्षेत्र की प्रजातियों के लिए पौधशाला प्रौद्योगिकियां | 09 से 11 अक्टूबर 2024 | संस्थान के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और मुख्य तकनीकी अधिकारियों सहित 34 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा "साइबर स्वच्छता एवं सुरक्षा" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा "शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्र प्रजातियों के लिए पौधशाला प्रौद्योगिकियों" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | आजीविका विकास के लिए बांस के आभूषण और उपयोगी हस्तशिल्प | 30 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 | त्रिपुरा के 25 बांस कारीगर |
| 11. | *शुमानियान्थस डाइकोटोमस* का प्रवर्धन और खेती | 04 अक्टूबर 2024 | बारापहाड़, कोहोरा, बरोरी और अगरतली वन रेंज के रेंज अधिकारी, वनपाल, वन रक्षक सहित 47 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा “आजीविका विकास के लिए बांस के आभूषण और उपयोगी हस्तशिल्प” पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा “शुमानियान्थस डाइकोटोमस के प्रवर्धन और खेती” पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | जैव–उर्वरक और मशरूम की खेती | 08 अक्टूबर 2024 | नारी मंडल, अरुणाचल प्रदेश से स्वयं सहायता समूह के 40 सदस्य |
| 13. | बांस पर कौशल विकास प्रशिक्षण | 23 से 25 अक्टूबर 2024 | माइक्रोफाइनेंस एवं आजीविका केंद्र, गुवाहाटी से 06 प्रशिक्षु |






भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा “बांस पर कौशल विकास प्रशिक्षण” पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत गतिविधियां

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा 06 अक्टूबर 2024 को प्रदर्शन ग्राम, गुडालुर पंचायत, डिंडीगुल, कोयंबटूर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जहां सागौन, रक्त चंदन, कैसुरीना, यूकेलिप्टस, मेलिना और महोगनी के 1800 नवोद्भिद लगाए गए।



भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर द्वारा प्रदर्शन ग्राम, गुडालुर पंचायत, डिंडीगुल, कोयंबटूर में पौधारोपण गतिविधि का उद्घाटन किया गया।




भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर और काइग्रोस एग्रीटेक एंड ट्रॉपिकल बायोसाइंसेज, पाला के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

## समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला और हिमाचल प्रदेश एकीकृत विकास परियोजना (एचपी–आईडीपी), सोलन के बीच 01 अक्टूबर 2024 को एचपी–आईडीपी के अंतर्गत वानिकी संबंधी पहलों में तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन, एचपी–आईडीपी कर्मचारियों और हितधारकों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण तथा विकास के साथ–साथ प्रासंगिक वानिकी संबंधी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं., शिमला और एचपी-आ.डी.पी., सोलन, हिमाचल प्रदेश के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर और काइग्रोस एग्रीटेक एंड ट्रॉपिकल बायोसाइंसेज, पाला के बीच 23 अक्टूबर 2024 को तीन सागौन कृंतकों के वृहद् उत्पादन और आपूर्ति के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची और कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन, डीवीसी के बीच 15 अक्टूबर 2024 को विभिन्न वानिकी आविष्कारों के माध्यम से कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन टाउनशिप और इसके आसपास थीम आधारित हरित पट्टी विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद और कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन, डीवीसी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून और हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर के बीच 28 अक्टूबर 2024 को एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर के परिसर में नए वन विज्ञान केंद्र (वीवीके) के विकास और संचालन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 24 अक्टूबर को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों सहित 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों को पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के लिए भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं. द्वारा किए जा रहे कार्यों और संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों पर व्याख्यान भी दिया गया।




पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर के छात्रों का भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा

## भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- दुलकाखरिया लोअर प्राइमरी स्कूल, धलाजन, जोरहाट के शिक्षकों के साथ 23 छात्रों ने 04 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया। उन्हें संस्थान की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।




दुलाकाखारिया लोअर प्राइमरी स्कूल, धलाजन, जोरहाट के विद्यार्थियों का भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा

## भा.वा.अ.शि.प.-वन आंनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- आर.सी. गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल – ओंदीपुदूर, कोयंबटूर और कॉर्पोरेशन एसआरपी अम्मानी अम्मल गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोयंबटूर और गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, सिंगनलूर के शिक्षकों के साथ 166 छात्रों ने 03, 04, 08 और 09 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया। पश्चिमी घाट, तमिलनाडु के फूलदार पौधों की प्रजातियों की विविधता, वृक्षारोपण के लाभ, उत्तर पश्चिमी हिमालय में पौधों की विविधता की झलक और नाशीकीट और बीमारियों पर व्याख्यान भी छात्रों को दिया गया।



गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, सिंगनालूर के विद्यार्थियों का भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा

## भा.वा.अ.शि.प.-वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- केंद्रीय विद्यालय सं. 2, विजयनगर के 50 छात्रों के समूह ने भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा 11 से 12 अक्टूबर 2024 तक केवी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों को "मैंग्रोव की जैव विविधता और पारिस्थितिक भूमिका" पर व्याख्यान दिया गया।



केन्द्रीय विद्यालय नंबर 2, विजयनगर से छात्रों का भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा

# जागरूकता और प्रदर्शन कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.- काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- अमेरिकन कॉलेज, मदुरै, केएलई सोसाइटी के निजलिंगप्पा कॉलेज, राजाजीनगर, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून और दयानंद सागर विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के संकायों के साथ 193 छात्रों ने 09, 16, 23 और 25 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, जाइलारियम, पौधशाला, काष्ठ कर्मशाला, उन्नत काष्ठ कर्म प्रशिक्षण केंद्र और काष्ठ संग्रहालय का दौरा किया। उन्हें काष्ठ के गुणधर्मों और प्रसंस्करण और चंदन की खेती और इसकी संभावनाओं के बारे में जानकारी दी गई।




दयानंद सागर विश्वविद्यालय, बेंगलुरू के छात्रों का भा.वा.अ.शि.प.-का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरू का दौरा

- तेलंगाना वन अकादमी, हैदराबाद के 40 आरएफओ प्रशिक्षुओं ने 28 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, जाइलारियम, पौधशाला, काष्ठ कर्मशाला, उन्नत काष्ठ कर्म प्रशिक्षण केंद्र और काष्ठ संग्रहालय का दौरा किया।

## भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- कैसफोस, बर्निहाट, असम के 46 एसीएफ प्रशिक्षुओं ने 06 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया। उन्हें पक्षियों को उनकी आवाज़ से पहचानने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और न्यूरल नेटवर्क आधारित टूल "बर्डनेट" के बारे में जानकारी दी गई।



कैस्फोस, बर्नीहाट, असम के 46 एसीएफ प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया

- मुगनीराम बांगुर मेमोरियल विश्वविद्यालय, जोधपुर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पिपरकोठी, बिहार के संकायों के साथ 38 छात्रों ने 22 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

## भा.वा.अ.शि.प.-उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, जबलपुर के संकायों के साथ 100 छात्रों के समूह ने 26 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया। छात्रों को एचपीएलसी और इंस्ट्रूमेंटेशन पर व्याख्यान भी दिया गया।

## भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- कोटशेरा कॉलेज, शिमला के संकायों के साथ 85 छात्रों के समूह ने 07 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

## भा.वा.अ.शि.प.-वन आंनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- वीएलबी जानकी अम्मल कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, पीएसजी आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, कोयंबटूर, तमिलनाडु, मॉडल स्कूल टीचर्स और वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के संकायों के साथ 192 छात्रों ने 4, 8, 25 और 26 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया। पश्चिमी घाट, तमिलनाडु के फूलदार पौधों की प्रजातियों की विविधता, पारंपरिक औषधियों से स्वास्थ्य कल्याण, वृक्षारोपण के लाभ, उत्तर पश्चिमी हिमालय में पौधों की विविधता की झलक और नाशीकीट और बीमारियों पर छात्रों को व्याख्यान दिया गया।




पीएसजी आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, कोयंबटूर के छात्रों का भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा

## भा.वा.अ.शि.प.-वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- श्री कश्यप कॉलेज, विशाखापत्तनम और वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के संकाय के साथ 126 छात्रों ने 04 और 19 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रदर्शनी में भागीदारी

- भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर ने 16 से 18 अक्टूबर 2024 तक अबू रोड, सिरोही, राजस्थान में आयोजित "सशक्त राजस्थान" में भाग लिया और प्रदर्शन स्टॉल लगाया तथा संस्थान की विभिन्न अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में आस–पास के क्षेत्रों से लगभग 400 किसानों, छात्रों, वन अधिकारियों ने भाग लिया।




आबू रोड, सिरोही, राजस्थान में "सशक्त राजस्थान" में भा.वा.अ.शि.प.-शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा स्टॉल

## संस्थानों का दौरा

- श्री अरुण कुमार बंसल, भा.व.से., पूर्व सहायक महानिदेशक (वन) और पूर्व महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने 25 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया। उन्होंने संस्थान की अनुसंधान और विकास गतिविधियों की भी समीक्षा की।




श्री अरुण कुमार बंसल, भा.व.से., पूर्व सहायक महानिदेशक (वन) और पूर्व महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।

## विविध

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024

- भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय, संस्थान और केंद्रों द्वारा 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।



























## वन्य जीव सप्ताह

- भा.वा.अ.शि.प., संस्थान और केंद्रों द्वारा 02 से 08 अक्टूबर 2024 तक वन्यजीव सप्ताह मनाया गया।















## स्वच्छता अभियान 4.0

- भा.वा.अ.शि.प., मुख्यालय, संस्थानों और केंद्रों ने 02 से 31 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता अभियान 4.0 में भाग लिया।



















## सरदार वल्लभभाई पटेल की 179 वीं जयंती

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती 30 अक्टूबर 2024 को भा.वा.अ.शि.प., मुख्यालय, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून और भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा मनाई गई।









## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. जगदीश सिंह,<br>वैज्ञानिक–जी,<br>भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला | 31.10.2024 |
| श्री प्रदीप कुमार हजारिका,<br>मुख्य तकनीकी अधिकारी,<br>भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 01.10.2024 |

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री शुभम सैनी,<br>वैज्ञानिक–बी,<br>भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर | 16.10.2024 |

**संरक्षक:**
श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून

**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य

**हिन्दी संस्करण:**
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य

**सहायक:**
श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान:**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।